pan>

Title: Need to expedite implementation of railway projects in Odisha.

**श्री बलभद्र माझी (नबरंगपुर):** महोदय, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

महोदय, ओडिशा में रेलवे लाइन की बहुत कमी है और विशेषकर मेरे निर्वाचन क्षेत्र के दो जिलों में तो बिलकुल भी रेल लाइन नहीं है। ओडिशा सरकार ने जयपुर-नबरंगपुर के लिए पचास प्रतिशत प्रोजेक्ट कॉस्ट और जमीन फ्री में देने एवं जयपुर से मलकानगिरी तक के प्रोजेक्ट के लिए 25 प्रतिशत कॉस्ट का देने के लिए कमिटमेंट किया है। इसके अलावा हमारे प्रदेश में एक और प्रोजेक्ट है जो खुरदाब्लांगिर का 112 किलोमीटर से 289 किलोमीटर तक का प्रोजेक्ट का पचास प्रतिशत कॉस्ट और जमीन फ्री में देने के लिए जनवरी, 2014 में कमिटमेंट किया है और पहले दो प्रोजेक्ट के लिए सितम्बर, 2014 में कमिटमेंट किया है। इतना समय होने के बाद भी केन्द्र सरकार और रेलवे विभाग ने कोई ज्वाइंट वेंचर नहीं किया है, जिसकी वजह से प्रोजेक्ट का काम आगे नहीं बढ़ रहा है। अतः आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि जल्दी-जल्दी ज्वाइंट वेंचर एग्रीमेंट करके तीनों प्रोजेक्ट्स को आगे बढ़ाया जाए।